केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज नई दिल्ली में नया ओवरसीज सिटीजन ऑफ इंडिया (OCI) पोर्टल लॉन्च किया

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत अपने OCI कार्डधारक मूल नागरिकों को विश्वस्तरीय इमीग्रेशन सुविधाएं प्रदान करने के निरंतर प्रयास कर रहा है

ओवरसीज सिटीजन के पंजीकरण को सहज बनाने के लिए अप-टू-डेट यूजर इंटरफेस के साथ नए OCI पोर्टल का शुभारंभ किया गया है

विश्व के कई देशों में भारतीय मूल के नागरिक रहते हैं, हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उन्हें भारत आने और यहां प्रवास के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा न हो

पिछले एक दशक में हुई तकनीकी प्रगति और OCI कार्डधारकों से मिले feedback के आधार पर मौजूदा कमियों को दूर करने और users के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए एक नया OCI पोर्टल विकसित किया गया है

नया पोर्टल मौजूदा 50 लाख से अधिक OCI कार्डधारकों और नए users के लिए बेहतर कार्यक्षमता, उन्नत सुरक्षा और user-friendly अनुभव प्रदान करेगा

नया OCI पोर्टल मौजूदा URL: https://ociservices.gov.in पर उपलब्ध है

Posted On: 19 MAY 2025 6:34PM by PIB Delhi

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज नई दिल्ली में नया ओवरसीज सिटीजन ऑफ इंडिया (OCI) पोर्टल लॉन्च किया। इस अवसर पर केन्द्रीय गृह सचिव और निदेशक, आसूचना ब्यूरो सहित गृह मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

इस अवसर पर केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत अपने OCI कार्डधारक मूल नागरिकों को विश्वस्तरीय इमीग्रेशन सुविधाएं प्रदान करने के निरंतर प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि ओवरसीज सिटीजन के पंजीकरण को सहज बनाने के लिए अप-टू-डेट यूजर इंटरफेस के साथ नए OCI पोर्टल का शुभारंभ किया गया है। श्री शाह ने यह भी कहा कि विश्व के कई

देशों में भारतीय मूल के नागरिक रहते हैं और हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उन्हें भारत आने और यहां प्रवास के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

नया पोर्टल मौजूदा 50 लाख से अधिक OCI कार्डधारकों और नए users के लिए बेहतर कार्यक्षमता, उन्नत सुरक्षा और user-friendly अनुभव प्रदान करेगा। नया OCI पोर्टल मौजूदा URL: https://ociservices.gov.in पर उपलब्ध है।

ओवरसीज सिटीजन ऑफ इंडिया(OCI) कार्डधारक योजना की शुरूआत 2005 में नागरिकता अधिनियम, 1955 में किए गए एक संशोधन के माध्यम से की गई थी। इस योजना में भारतीय मूल के व्यक्तियों को भारत के प्रवासी नागरिकों के रूप में पंजीकृत करने का प्रावधान है, बशर्ते कि वे 26 जनवरी,1950 या उसके बाद भारत के नागरिक रहे हों, या उस तारीख को नागरिक बनने योग्य हों। हालाँकि, ऐसे व्यक्ति जो स्वयं, उनके माता-पिता, दादा-दादी और परदादा-परदादी, पाकिस्तान या बांग्लादेश के नागरिक हैं या रहे हैं, इसके लिए पात्र नहीं हैं।

वर्तमान में कार्यरत OCI सेवा पोर्टल को 2013 में विकसित किया गया था जो आज विदेशों में 180 से अधिक भारतीय मिशनों के साथ-साथ 12 विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालयों (FRROs) में काम कर रहा है, जो प्रतिदिन लगभग 2000 आवेदनों की प्रोसेसिंग करता है। पिछले एक दशक में हुई महत्वपूर्ण तकनीकी प्रगति और OCI कार्डधारकों से मिले feedback को देखते हुएमौजूदा कमियों को दूर करने और users के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए एक नया OCI पोर्टल विकसित किया गया है।

नए OCIसेवा पोर्टल में कई user-friendly सुविधाएँ शामिल की गई हैं, जिनमें शामिल हैं:

कार्यात्मक विशेषताएं:

- Usersign-up और registration menueको अलग करना,
- पंजीकरण फॉर्म में उपयोगकर्ता प्रोफ़ाइल विवरणauto-fill होना,
- पूर्ण और आंशिक रूप से भरे हुए आवेदनों को प्रदर्शित करने वाला डैशबोर्ड,
- FRRO में आवेदन करने वालों के लिए एकीकृत ऑनलाइन भुगतान गेटवे,
- आवेदन चरणों में निर्बाध नेविगेशन,
- आवेदन के प्रकार के आधार पर अपलोड किए जाने वाले आवश्यक दस्तावेजों का वर्गीकरण,
- आवेदन अंतिम रूप से जमा करने से पहले किसी भी स्तर पर आवेदक के लिए editing का विकल्प,
- पोर्टल में integratedFrequently Asked Questions (FAQ),
- अंतिम submission से पहले जानकारी को सत्यापित करने के लिए आवेदक को reminder,
- चयनित आवेदन प्रकार के आधार पर पात्रता मानदंड और आवश्यक दस्तावेजों का प्रदर्शन,
- आवेदक की तस्वीरों और हस्ताक्षरों को अपलोड करने के लिए in-builtimage cropping tool.

तकनीकीविशेषताएं:

- **आधारभूतसंरचनाकाआधुनिकीकरण**
  - नवीनतमऑपरेटिंगसिस्टम, यानीरेडहैट 9 परकईवेबसर्वरोंऔरलोडबैलेंसरकेसाथउच्चउपलब्धता।
- **सॉफ्टवेयरऔरप्लेटफॉर्मअपग्रेड**
  - फ्रेमवर्कअपडेट: बहु-उपकरणसंगतताकेलिए JDK, स्ट्रट्स 2.5.30 औरबूटस्ट्रैप 5.3.0 केनवीनतमसंस्करणोंमेंपरिवर्तन।
- **उन्नतसुरक्षाप्रोटोकॉल**

- एसएसएल/टीएलएसएन्क्रिप्शन: डेटागोपनीयताऔरसुरक्षासुनिश्चितकरना
- नियमितपेनिट्रेशनटेस्टिंगऔरपैचप्रबंधन

- **प्रक्रियास्वचालनएकीकरण**

  - प्रक्रियास्वचालन: बैकएंडसंचालनऔरवर्कफ़्लोकोसुव्यवस्थितकरना

- **डेटाप्रबंधन**

  - डेटाभंडारणऔरपहुंचकोकेंद्रीकृतऔरअनुकूलितकरना

- **उपयोगकर्ताअनुभव (UX) संवर्द्धन**

  - उत्तरदायीवेबडिज़ाइन: सभीउपकरणोंकेलिएअनुकूलित
  - तीव्र लोडसमयऔरमोबाइलअनुकूलन

- **साइबरसुरक्षासंवर्द्धन**

  - मल्टी-फैक्टरऑथेंटिकेशन (MFA)
  - सर्वरहार्डनिंगऔरनवीनतमएवीएकीकरण

*****

आरके / वीवी / आरआर / पीआर

(Release ID: 2129693)

Read this release in: English , Tamil